सं0 संख्या–BSDM/पिपिथ/06/2020 - 888

बिहार सरकार
श्रम संसाधन विभाग
बिहार कौशल विकास मिशन।

प्रेषक,

डा0 बी0 राजेन्दर,
प्रधान सचिव–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
बिहार कौशल विकास मिशन,
बिहार, पटना।

सेवा में,

सभी SDC समन्वयक।

पटना, दिनांक–26/06/2023

विषयः– कुशल युवा कार्यक्रम के प्रचार–प्रसार के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषयक आप अवगत हैं कि अभी राज्य में इन्टर (+2) की परीक्षा बिहार विद्यालय परीक्षा समिति के द्वारा आयोजित किया जा रहा है तथा अगले माह मैट्रीक की परीक्षा आयोजित होनी है। आप इससे भी अवगत हैं कि राज्य सरकार के 7 निश्चय के अन्तर्गत 15–28 वर्ष के युवा जो कम से कम मैट्रीक उत्तीर्ण हैं, 240 घंटे का कुशल युवा कार्यक्रम का प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु पात्रता रखते हैं। अतः 15–28 वर्ष के वैसे युवा जो कम से मैट्रीक उत्तीर्ण हैं, के बीच कुशल युवा कार्यक्रम का व्यापक प्रचार–प्रसार किया जाना आवश्यक प्रतीत होता है।

उक्त के आलोक में सभी SDC के समन्वयक को कुशल युवा कार्यक्रम के व्यापक प्रचार–प्रसार हेतु निम्न निदेश दिये जाते हैः–

क. सभी SDC अपने स्तर से कुशल युवा कार्यक्रम के प्रचार–प्रसार हेतु स्थानीय उच्च विद्यालय/अंगीभूत महाविद्यालय में सम्पर्क स्थापित कर गोष्ठी, कार्यालय आदि के माध्यम से कार्यक्रम की जानकारी छात्र/छात्राओं को देगें।

ख. कुशल युवा कार्यक्रम से संबंधित फ्लैक्स, पोस्टर, बैनर, पैम्पलेट आदि प्रिंट कराकर उच्च विद्यालय/अंगीभूत महाविद्यालय/प्रमुख सार्वजनिक स्थलों पर लगाना सुनिश्चित करेगें।

ग. सभी SDC Social Media के माध्यम से कुशल युवा कार्यक्रम का प्रचार–प्रसार सुनिश्चित करेगें।

घ. सभी SDC कुशल युवा केन्द्र पर पुराने पोस्टर को हटाकर नया पोस्टर लगाएगें ताकि सर्वसाधारण को इसकी जानकारी हो सके।

निदेश दिया जाता है कि उपर्युक्त अंकित निदेशों का अनुपालन करते हुये कुशल युवा कार्यक्रम के प्रचार–प्रसार की जाय।

विश्वासभाजन

Rajender 22.6.2023

(डा0 बी0 राजेन्दर)
प्रधान सचिव–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
बिहार कौशल विकास मिशन,
बिहार, पटना।